हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 19 मई, 2025

11 नशे के विरुद्ध नुक्कड़ नाटकों से किया जा रहा जागरूक



12 पुलिस ने विभिन्न मामलों में 24 अपराधियों को किया गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### रंजिश के चलते किसान पर बोला हमला, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव सुखमनपुर में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक किसान पर हमला कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे अग्रोहा रेफर कर दिया गया। इस मामल में शहर रतिया पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुखमनपुर निवासी रोहताश ने कहा है कि गत दिवस वह अपने खेत जा रहा था। इसी दौरान युवकों ने उस पर हमला बोल दिया।

### लोहाखेड़ा में मकान से अवैध शराब बरामद

**फतेहाबाद।** नाजायज शराब बेचने वालों की धरपकड़ करते हुए पुलिस ने गांव लोहाखेड़ा के एक मकान से 51 बोतल नाजायज शराब बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम एसआई ईश्वर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव लोहाखेड़ा पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि नानक सिंह पुत्र पहलवान सिंह निवासी लोहाखेड़ा नाजायज शराब बेचने का काम करता है।

### कॉलेज छात्रा सहित तीन युवतियां लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक कॉलेज छात्रा सहित तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 21 साल की लडक़ी गत दिवस सुबह 8 बजे राजकीय महाविद्यालय भट्टू में बीए फाइनल की परीक्षा देने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है।

### 10वीं बोर्ड के रिजल्ट में सिमरन विद्यालय में टॉप

**भूना।** शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल नहला ने हरियाणा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। स्कूल के 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी पास हुए। इनमें से 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। परिणाम में छात्रा सिमरन ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। गरिमा व ललित और मानसी ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### मोटरसाइकिल सवार 23 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक को 23 ग्राम हह्यरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी निरीक्षक गजराज ने बताया कि एएसआई रणजोध सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव चौटाला से ढाणी सिखांवाली रोड पर जा रहे थे। रास्ते में एक युवक बाइक लेकर खड़ा दिखाई दिया। एएसआई ने बाइक सवार के पास गाड़ी रोककर उससे वहां खड़े होने का कारण पूछा तो एकदम से अपना बाइक स्टार्ट करके भगाने का प्रयास किया।

### बीएस स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**रानियां।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के दसवीं कक्षा की परीक्षा परिणाम में बीएस हाई स्कूल रानियां का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 11 बच्चों ने मेरिट और 13 बच्चों प्रथम श्रेणी से अधिक अंक लेकर परीक्षा पास की। स्कूल की छात्रा समरीत कौर ने 483 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल संचालक सोनू ग्रोवर ने खुशी जताते हुए अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी। स्कूल प्रिंसीपल सुनीता ग्रोवर ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस साल भी स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

## आरोपों को बताया राजनीति से प्रेरित

# भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे सरपंच के पक्ष में महापंचायत

**ईश्वर ने समाधान शिविर में बैजलपुरिया के खिलाफ मनरेगा में भ्रष्टाचार की दी थी शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

मनरेगा में भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे बैजलपुर के सरपंच हेमंत बैजलपुरिया के समर्थन में गांव में रविवार को बड़ी महापंचायत हुई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पंचायत की अध्यक्षता गांव के बुजुर्ग दयानंद ओला ने की। पंचायत का मुद्दा सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया पर लगे आरोप थे। पंचायत में मौजूद लोगों ने सभी आरोपों को झूठा बताया और कहा कि यह गांव की राजनीति से प्रेरित हैं। मकसद सरपंच की छवि खराब करना है। ग्रामीणों ने बताया कि हेमंत सिंह बैजलपुरिया के नेतृत्व में ढाई साल में करीब 20 करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं, इससे गांव की तस्वीर बदल गई है। दूसरे जिलों में बैजलपुर का उदाहरण दिया जा रहा है। राजनीतिक विरोधी लोग इससे परेशान हैं। महापंचायत में पूर्व दंपति सरपंच के दस साल के कार्यकाल की तुलना वर्तमान सरपंच के ढाई साल से की गई। लोगों ने कहा कि हेमंत सिंह ने विकास के साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया है। गांव की पहचान दूर-दूर तक बनी है। महापंचायत में दयानंद ओला ने कहा कि गांव में भाईचारा बना रहना चाहिए। विकास कार्यों में सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरपंच के कार्य किसी से छिपे नहीं हैं। गांव की राजनीति से ऊपर उठकर पंचायत का साथ देना चाहिए। इससे गांव और आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिलेगा। आपसी खींचतान से नुकसान पूरे गांव को होगा।



भूना। बैजलपुर गांव के चौक में हुई महापंचायत में भाग लेते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### विकास की दृष्टि से गांव का रूप बदल गया, विरोधी हताशः सरपंच

सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया ने कहा कि गांव में करीब 20 करोड़ रुपए खर्च कर विकास कार्य हुए हैं। इसमें सरकार, प्रशासन और न्यूक्लियर पावर प्लांट गोरखपुर का सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को यह बात रास नहीं आ रही। महापंचायत में पूर्व दंपति सरपंच के कार्यकाल की सच्चाई भी सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच के खिलाफ झूठी शिकायत देने के लिए कुछ लोगों को पैसे का लालच दिया गया।

### सरपंच बोले : भ्रष्टाचार के आरोप झूठे

महापंचायत में सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया ने कहा कि गांव के ईश्वर सिंह का अनुसूचित जाति की एक लड़की से झगड़ा हुआ था। इस मामले में ईश्वर, उसकी पत्नी और बेटों पर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। इसके बाद ईश्वर समझौते का दबाव बनाने लगा। जब समझौता नहीं हुआ तो पूर्व सरपंच के इशारे पर ईश्वर ने समाधान शिविर में मनरेगा में भ्रष्टाचार की झूठी शिकायत दे दी। हेमंत सिंह ने कहा कि इस झूठी शिकायत से उन्हें सार्वजनिक रूप से बदनाम किया गया। पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते यह साजिश रची गई। सरपंच ने कहा कि मनरेगा में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। उल्टा पूर्व सरपंच पर कई लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

# संस्कार ने दसवीं में पाए 97.8 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा



छात्र संस्कार।

- पिता को खेत में मेहनत करते देख बेटे का सपना कृषि वैज्ञानिक बनना

अपने पिता को खेती में मेहनत करते देख बेटे ने कृषि वैज्ञानिक बनने की ठान ली है। ये सपना है हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में दसवीं कक्षा की परीक्षा में 97.8 फीसद अंक लेने वाले छात्र संस्कार का। संस्कार ने गांव जमाल के सर छोटू राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई करते हुए 500 में से 489 अंक हासिल किए। गांव जमाल निवासी किसान मुकेश कुमार के बेटे संस्कार ने बताया कि 10वीं कक्षा में अच्छे अंक लेने के लिए 6 से सात घंटे तक पढ़ाई करता था। संस्कार बताते हैं कि पिता जी मुकेश कुमार दिन रात खेती में मेहनत करते थे, उन्हें देखकर मैं भी खेती के कामों में उनका हाथ बंटाता था लेकिन इतनी कड़ी मेहनत के बाद भी खेती में पर्याप्त आमदनी नहीं होती। जो मेरे लिए भी काफी चिंता का विषय है। इसी को लेकर अब मेरे मन में कृषि वैज्ञानिक बनने का है। कृषि वैज्ञानिक बनने के लिए पहली सीढ़ी के लिए बीएससी एग्रीकल्चर में दाखिला के लिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय हिसार में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा है।

### 45 छात्रों ने पाया मेरिट में स्थान

सर छोटू राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत फीसद रहा है। स्कूल के छात्र संस्कार पुत्र मुकेश कुमार ने 500 में से 489 फीसद अंक यानि 97.8 फीसद अंक हासिल किए हैं। स्कूल के छात्र विवेक पुत्र सतवीर ने 97.2 फीसद अंक, भावना पुत्री मुकेश ने 97.2 अंक व विवेक पुत्र विजय सिंह ने 97 फीसद अंक हासिल किए हैं। प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि स्कूल के 71 छात्रों ने परीक्षा दी। 45 छात्रों ने मैरिट हासिल की। स्कूल के 24 छात्रों ने 90 फीसद से अधिक अंक हासिल किए। उन्होंने सभी बच्चों उनके अभिभावकों व समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं प्रेषित की है और उत्तीर्ण होने वाले सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# प्रो. अशोक शर्मा बने सीडीएलयू के कुलसचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



प्रो. अशोक शर्मा।

- कुलपति प्रो. का जताया आभार और जिम्मेदारी का सफलता पूर्वक निर्वहन करने का लिया प्रण

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय अधिनियम 2003 की धारा 2 के अंतर्गत प्रो. अशोक शर्मा को कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। प्रो. शर्मा वर्तमान में शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें यह उत्तरदायित्व उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ सौंपा गया है। प्रोफेसर अशोक शर्मा ने सीडीएलयू, सिरसा के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई का आभार प्रकट किया और कहा की वे अपनी जिम्मेदारी का सफलता पूर्वक निर्वहन करेंगे। प्रो. शर्मा विश्वविद्यालय के मुख्य वार्डन भी हैं और पूर्व में खेल परिषद के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। खेल जगत और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रो. अशोक शर्मा ने एम.डी.यू., रोहतक से शारीरिक शिक्षा में पीएच.डी., कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एम.फिल. और एम.डी.यू., रोहतक से एम.ए. शारीरिक शिक्षा में गोल्ड मेडल के साथ किया है। उन्होंने 2004 में यूजीसी नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी।

### दो दशकों का अनुभव

प्रोफेसर शर्मा को लगभग दो दशकों का शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव है। वे 2007 से सीडीएलयू में कार्यरत हैं और 2022 से प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा और खेल से संबंधित 45 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए हैं और अनेक पीएच.डी. एवं एम.फिल. छात्रों का मार्गदर्शन किया है। खेलों में भी उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय रही हैं। वे दो बार ए.आई.यू. एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग ले चुके हैं और एम.डी.यू. इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीत चुके हैं।

# लाखों की हेरोइन सहित चार काबू

- सुचना के आधार पर पुलिस की कार्रवाई, 100 ग्राम हेराइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

स्थानीय पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए कालांवाली क्षेत्र से लाखों रुपये की सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने रविवार को बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में पंजाब का नशा तस्कर गिरोह सक्रिय है। गिरोह के सदस्य कालांवाली में एक व्यक्ति के घर आए हुए हैं और हेरोइन को आपस में बांटकर बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान जसराज सिंह, राजवीर सिंह, गुरप्रीत सिंह व एक महिला निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना कालांवाली में अभियोग दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है।



सिरसा। पकड़े गए नशा तस्कर गिरोह के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# लाखों की ठगी मामले में महिला गिरफ्तार

- घर बैठे रुपये कमाने का लालच देकर एक महिला से 12 .23 लाख की हुई थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने घर बैठे रुपये कमाने का लालच देकर एक महिला से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार महिला आरोपी से पूछताछ के आधार पर 6 लाख 30 हजार की नगदी, एक बैंक पासबुक और दो मोबाइल फोन बरामद किए है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 मार्च को मनिन्द्र कौर पत्नी जगबीर सिंह निवासी शेखुपुर सोत्तर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने एक महिला निशा रानी उर्फ नवदीप कौर पत्नी रणजीत सिंह निवासी आजाद नगर पटियाला को अबोहर से गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अक्टूबर 2023 में उसने इन्स्टाग्राम पर अपलोड हुई वीडियो देखी। इस वीडियो में बताया गया था कि आप घर बैठे रुपये कमा सकते हो। इसके बाद उसने वीडियो में दिखाए गए नंबर पर मैसेज किया। इसके बाद 23 दिसम्बर 2023 को उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया और उसे बताया गया कि वह 36500 रुपये जमा करते हैं तो उसको प्राफिट के साथ 38500 रुपये मिलेंगे। इस पर उसने अपने अकाउंट से बताए गए नंबर पर दो ट्रांजेक्शन में 35600 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे लालच दिया गया कि अगर वह और पैसा कमाना चाहती है तो उसे ओर रुपये जमा करवाने होंगे। इस पर 15 जनवरी 2024 को उसने अपने पति के खाते से 3 लाख 94 हजार 600 रुपये ट्रांसफर करवा दिए। उसके बाद उसने अपने ससुर बलबीर के खाते से भी 3 लाख 94 हजार 600 रुपये ट्रांसफर करवा दिए। महिला ने कहा कि इस तरह आरोपियों ने उसे विश्वास में लेकर अलग-अलग दिन ट्रांजेक्शन से कुल 12 लाख 23 हजार 300 रुपये हड़प लिए।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोप में गिरफ्तार महिला।

### 6.30 लाख नकदी और दो मोबाइल बरामद

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज किया गया और तुरंत जांच शुरू की गई। पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के आधार पर 6 लाख 30 हजार रुपये नकद, पास बुक व 2 मोबाइल फोन बरामद किया है, जो अपराध में प्रयुक्त हुआ था। मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य संलिप्त आरोपियों की भी पहचान की जा रही है।



रतिया। गांव लुठेरा से गुजरती ड्रेन। फोटो: हरिभूमि

# ड्रेन के पार 100 एकड़ भूमि पुल न होने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

- किसानों ने सरकार से गांव लुठेरा के पास बरेटा ड्रेन पर पुल बनाने की मांग की

गांव लुठेरा के पास से गुजरती बरेटा ड्रेन पर पुल न होने के कारण गांव के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के कई किसानों की ड्रेन के पार करीब 100 एकड़ कृषि भूमि पड़ती है। ड्रेन के सूखा होने पर तो किसानों ड्रेन के बीच में से गुजर जाते हैं लेकिन ड्रेन में पानी आने पर किसानों को करीब कई किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ता है। किसानों ने सरकार व प्रशासन से ड्रेन पर पुल बनाने की मांग की है ताकि किसानों को आ रही परेशानी से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव लुठेरा के पास से बरेटा ड्रेन गुजरती है लेकिन ड्रेन पर पुल नहीं है। गांव के कई किसानों की कृषि भूमि ड्रेन के पार है। किसानों ने बताया कि बरसात के दिनों में ड्रेन में पानी बहता रहता है तब किसानों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय कर गांव नंगल के पास पुल से होकर खेतों तक पहुंचना पड़ता है। ड्रेन के सूख जाने पर वह अपने ट्रैक्टर आदि ड्रेन के बीच में से ले जाते हैं। इसके लिए किसानों ने ड्रेन में अस्थाई रास्ता बनाया हुआ है। किसानों ने बताया कि ड्रेन के बीच में से कंबाइन मशीन, ट्रैक्टर व अन्य वाहन गुजारने से दुर्घटना का भय बना रहता है। फसल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली के पलटने का भी अंदेशा बना रहता है। किसानों ने बताया कि ड्रेन पर पुल बनाने की मांग पिछले लंबे अरसे से चली आ रही है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शहर होगा हरा-भरा

- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की होगी अहम भूमिका, विभाग अपनी जगह से शुरू करेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर को हरा-भरा बनाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के दौरान विभाग द्वारा अपनी सभी साइटों पर पौधारोपण के लिए जगह का चयन किया रहा है। जल्द ही इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा और अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने कही। उन्होंने कहा कि विभाग शहरी आजीवीका मिशन के साथ मिलकर एक अनूठी योजना पर कार्य कर रहा है। यह कार्य 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया जाएगा। इसमें शहरभर में एक बड़े पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। यह पहल न केवल शहर को सुंदर और हराभरा बनाएगी, बल्कि इससे प्रदूषण में कमी, तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को बढावा भी मिलेगा। जन स्वास्थ्य विभाग अपनी जमीन से इस अभियान की शुरूआत करेगा। इसके लिए विभाग पहले अपने टयूबवेल, जल घर, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर पौधे लगाए जाएंगे। इसके बाद सार्वजनिक जगह, वन विभाग की जमीन, स्कूल व पार्क जहां भी जगह मिलेगी, पौधरोपण करेगा। शर्माचंद ने बताया कि यह पौधरोपण ऐसे स्थानों पर होगा जहां पौधों के लिए पानी की उपलब्धता हो।

### वृक्षारोपण से होती स्वच्छ वायु की प्राप्ति

वृक्षारोपण से हमें स्वच्छ वायु और ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो हमारे जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष हवा से कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसों को सोख लेते हैं और बदले में हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। स्वच्छ वायु हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। प्रदूषण और धूल से भरी हवा सांस लेने में तकलीफ, एलर्जी, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। लेकिन वृक्ष इन हानिकारक तत्वों को कम करके हवा को शुद्ध और स्वच्छ बनाते हैं।

## ई-लाइब्रेरी से शिक्षा के क्षेत्र में आएगी नई क्रांति : शत्रुजीत कपूर

# डीजीपी ने सिरसा में किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

- सरदार पटेल पुलिस ई-लाइब्रेरी' के नाम से स्थापित इस केंद्र का निर्माण लगभग 28 लाख रुपये की लागत से किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने रविवार को सिरसा में प्रदेश की 17वीं ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। 'सरदार पटेल पुलिस ई-लाइब्रेरी' के नाम से स्थापित इस केंद्र का निर्माण लगभग 28 लाख रुपये की लागत से किया गया है। उद्घाटन समारोह में विभिन्न सरकारी एवं डिग्री कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डीजीपी कपूर ने ई-लाइब्रेरी परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ई-लाइब्रेरी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह ई-लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक सशक्त मंच बनेगी। डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने कहा कि ई-लाइब्रेरी से शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति आएगी। यह विद्यार्थियों को नई जानकारी और कौशल प्रदान करेगी, जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकेंगे। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा के संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होगी।



सिरसा। ई लाइब्रेरी का उद्घाटन करते डीजीपी। फोटो: हरिभूमि

### ऑनलाइन कोचिंग की भी व्यवस्था की जाएगी

डीजीपी कपूर ने कहा कि इस ई-लाइब्रेरी में ऑनलाइन कोचिंग की भी व्यवस्था की जाएगी और विशेष रूप से अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश और जापानी भाषाएं सिखाने का भी प्रबंध किया जा रहा है। यह ई-लाइब्रेरी न केवल आम विद्यार्थियों के लिए बल्कि पुलिसकर्मियों एवं डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

## भिवानी का सितारा स्मारक



हरियाणा के भिवानी जिले में सितारा स्मारक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है। बताया जाता है कि यह 5वें राधास्वामी गुरु, परम संत ताराचंदजी महाराज की समाधि है, जिन्हें 'बड़े महाराज जी' के नाम से भी जाना जाता है। यह स्मारक एक षट्कोणीय संरचना है जो ज़मीन से 6 फीट की ऊँचाई पर तारे के आकार में बनी है और इसकी ऊँचाई 88 फीट है। यह स्मारक किसी खंभे या स्तंभ के बिना खड़ा है, जो इसे वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना बनाता है।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र चुलकाना धाम

तीर्थस्थल

दिनेश शर्मा 'दिनेश'





भारत भूमि देवताओं के लिए भी दुर्लभ कही गई है तथा देवताओं के द्वारा इसकी वंदना की जाती है। इस देवधरा पर कितने तीर्थ हैं इसकी गणना करना संभव नहीं है, किन्तु भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में जिनका नाम आता है उनमें द्वादश ज्योतिर्लिंग, पंचकाशी, पंचनाथ, पंचसरोवर, नौ अरण्यक, चतुर्दश प्रयाग, सप्तक्षेत्र, सप्तगंगा, सप्तपुण्य नदियां सिद्धक्षेत्र (इक्यावन), बावन शक्तिपीठ, पचपन श्राद्ध क्षेत्र, सप्त सरस्वती, सप्तपुरियां, चार धाम आदि जाने कितने ऐसे तीर्थ स्थान हैं। जो अपने-अपने महत्व के कारण जगत प्रसिद्ध हैं।

तीर्थों के संबंध में महाभारत वनपर्व के तीर्थ यात्रा प्रसंग, स्कंध पुराण के माहेश्वर, वैष्णव, ब्रह्म, काशी, अवंती, नागर और प्रभास आदि सभी सातों खण्डों के साथ-साथ वामन पुराण, मत्स्य पुराण, नारद पुराण, ब्रह्म पुराण आदि में विशद् वर्णन प्राप्त होता है। इसी क्रम में हरियाणा के पानीपत जिले के गाँव चुलकाना जो पानीपत से लगभग 25 कि. मी. दूर है, को चुलकाना धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि सतयुग में अपनी तपस्या से विख्यात हुए महर्षि चुनकट की तपोभूमि माने जाने वाले इस स्थान का नाम उनके नाम से ही चुलकाना पड़ा। इस धाम को जहाँ भारतवर्ष की 84 प्राचीन सिद्ध पीठों में शामिल माना जाता है, वहीं यह स्थान श्री श्याम धाम के रूप में सुप्रसिद्ध है। सम्पूर्ण भारत वर्ष में श्री श्याम रूप में आराध्य वीर बर्बरीक उत्तर भारत के अधिकतर क्षेत्रों में कुल देवता भी माने जाते हैं।

वर्तमान में सर्वाधित प्रचलित लोक मान्यता अथवा किंवदंतियों में कहा जाता है कि वीर बर्बरीक की अद्भुत कथा मध्यकालीन महाभारत से आरम्भ होती है। जहां वनवास के दौरान महाबली भीम का हिडिंबा से विवाह होता है और उन दोनों से एक पुत्र पैदा होता है घटोत्कच, जो महान बलशाली था। वीर घटोत्कच के शास्त्रार्थ की प्रतियोगिता जीतने पर उनका विवाह आज के असम प्रागज्योतिषपुर के राजा दैत्यराज मुर की पुत्री कामकटंककटा से हुआ। उसे मुर की पुत्री होने के कारण 'मोरवी' नाम से भी जाना जाता था। कुछ भगत कामकटंककटा को मोरवी के अलावा अहिलावती भी कहते हैं और वीर बर्बरीक को अहिलावती का लाल कहकर पुकारते हैं। चुलकाना के स्थानीय लोगों में प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार जब वीर बर्बरीक कुरुक्षेत्र युद्ध के लिए जाते हुए मार्ग में ब्राह्मण रूपी भगवान श्री कृष्ण से मिलते हैं तो वे उन्हें कहते हैं कि आप कुरुक्षेत्र मत जाइए क्योंकि हम वहां पर आपकी बलि देने की चर्चा सुनकर आ रहे हैं। धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ एक स्त्री जिसे वह महाचंडी के नाम से पुकार रहे थे, के पैरों में पड़े गिड़गिड़ा रहे थे। वह स्त्री बहुत क्रोधित हो कह रही थीं कि मैं सबका विनाश करूंगी, तुम्हें भी खत्म करूंगी। जब धर्मराज युधिष्ठिर ने उनसे विनाश रोकने का उपाय पूछा तो वे देवी कहती हैं कि तुम्हारे पास तीन महाबली हैं अर्जुन, श्रीकृष्ण और वीर बर्बरीक। जिनमें से किसी एक की बलि मुझे दें तो मैं आपको क्षमा कर सकती हूं, तब सभी आपकी बलि देने को राजी हो गए। इसलिए आप कृपया वहां मत जाइये और अपनी शक्ति व्यर्थ न कीजिये। जब भी तीनों लोको में कोई आपातकालीन स्थिति आयेगी तब ही अपनी शक्ति का प्रदर्शन कीजिए। बर्बरीक बोले, अब तो मैं जरूर जाऊंगा। अपने कुल का नाम रोशन करूँगा। जब भगवान की सारी नीतियां व्यर्थ हो गई तो वे बोले, 'ये रास्ता सीधा युद्धभूमि को गया है। आप जाओ और युद्ध देखो, लड़ो।'

बर्बरीक जैसे ही चलने लगे तभी बर्बरीक के मन में भाव आया कि मैंने इन ब्राह्मण को कोई उपहार तो दिया ही नहीं, तब बर्बरीक वापस मुड़े और ब्राह्मण से कहा, 'हे ब्राह्मण देवता, मैं आपको उपहार स्वरूप कोई भेंट देना चाहता हूं। तब ब्राह्मण ने कहा कि क्या आप हमें वो दे सकते हैं जो हम चाहें। बर्बरीक ने वचन दिया कि आप जो मांगेंगे वह वह आपको देने का वचन देता हूँ। तब भगवान ने वचन के बदले बर्बरीक से शीश का दान मांगा। बर्बरीक बोले, हे ब्राह्मण, मैं अपने वचन का पालन जरूर करूंगा, लेकिन आप मुझे अपना वास्तविक रूप दिखाइये। तब चुलकाना धाम की पावन पवित्र भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने वीर बर्बरीक को अपने विराट स्वरूप के दर्शन कराये। विराट रूप देखकर वीर बर्बरीक ने प्रभु की खूब प्रंशसा की और शीश दान देने के लिए तैयार हुए, तभी भगवान ने कहा, आपकी कोई इच्छा हो तो मुझे बतायें। तब वीर बर्बरीक ने कहा, प्रभु शीश दान के बाद मैं युद्ध तो नहीं लड़ सकूँगा किन्तु युद्ध देखना चाहता हूँ। चुलकाना के स्थानीय लोगों के अनुसार वीर बर्बरीक के शीश का दान यहीं हुआ था। कहा जाता है, 'जहाँ दिया था शीश का दान, वो भूमि है चुलकाना धाम।' और महाभारत के युद्ध के बाद वीर बर्बरीक ने भगवान से श्याम रूप वरदान में माँगा था।

**सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं।**



हालांकि महाभारत के आदि पर्व से लेकर स्कन्ध पुराण में वर्णित बर्बरीक उपाख्यान को देखने के बाद वीर बर्बरीक के बारे में जो तथ्यपरक जानकारी हमें प्राप्त होती है, वह लोक में प्रचलित मान्यताओं से कुछ अलग है। दूसरा इसी लोक मान्यता के इतर हरियाणा में ही कुछ और स्थान भी हैं जिनका संबंध वीर बर्बरीक यानी श्री श्याम से माना जाता है। चुलकाना में वीर बर्बरीक का श्री श्याम के रूप में प्राचीन मन्दिर स्थित है। इसके पास ही भव्य श्याम कुण्ड का निर्माण किया गया है। 'अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण व संवर्धन संस्थान' और मंदिर में आराधना का दायित्व निभाने वाले परिवार के अनुसार महंत उधोदेव की परंपरा में संवत 1705 में कन्हैया दास चुलकाना आये। उन्होंने शंखनाद कर चुलकाना को अपना प्रार्थना स्थल बनाया तथा श्री श्याम जी की स्थापना की। आज भी कन्हैया दास के वंशज ही मंदिर में पूजा का कार्य संभालते हैं। हालांकि अब मंदिर की देख-रेख, व्यवस्था और प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामीणों द्वारा 'श्री श्याम मंदिर सेवा समिति' की स्थापना भी की गयी है। विगत कुछ वर्षों में मंदिर का जीर्णोद्धार करके उसे विशाल और भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। चुलकाना एक ऐतिहासिक गांव है जहां हमें सालों पुरानी कुछ हवेली देखने को मिलती और अनेक प्राचीन मंदिर भी बने हैं। महर्षि चुनकट और बाबा लकीसर से सम्बंधित अलग मंदिर परिसर और सरोवर भी जन सामान्य के बीच आस्था का केंद्र हैं। ऐसा कहा जाता है कि वर्षों पहले यमुना नदी का बहाव चुलकाना गांव के उक्त सरोवर तक था। हजारों लोगों की आस्था को सम्मान देते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने इस धाम के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए तीर्थ स्थल बोर्ड के गठन करने की घोषणा की है। गांव के बाहर तोरणद्वार और सड़क के विस्तार का कार्य प्रगति पर है। सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। जबकि श्री श्याम बाबा के फाल्गुन मेले में पूरे देश से भक्तजन आते हैं। चुलकाना और आसपास के गांवों के लोग कुल देवता के रूप में भी श्री श्याम की आराधना करते हैं। आज भी चुलकाना धाम में महाभारत कालीन पीपल का वृक्ष है। यहाँ आपके लिए यह जानना और रोचक होगा कि अब चुलकाना धाम पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं के कारण स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। स्कन्ध पुराण के माहेश्वर खंड के द्वितीय उपखंड कौमारिका खंड के 66वें अध्याय के 115वें एवं 116वे श्लोक में श्री श्याम यानि वीर बर्बरीक की एक अलौकिक स्त्रोत्र से की गयी स्तुति का भावार्थ है कि 'हे विप्रगण! इस स्तोत्र द्वारा श्रावण मास में जो सुहृदय की पूजा करेगा और वैशाख कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को सैकड़ों भरे हुए दीपक जलाकर उनका स्तवन करेगा, उस पर वे (सुहृदय) प्रसन्न होंगे।'

---

रागणी | डॉ. शील कुमार



## ऑपरेशन सिन्दूर

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

मेरी गेल्यां ब्याह करवाकै,
बणा था जीवन साथी।
बीच भंवर मै छोड़ डिगरै ग्या,
रह्या ना कोए हमाती।
रहगी अकेली तेरी नार.....

पहलगाम मैं आए थे घूमणै,
घर तै कोशों दूर।
नाम पूछकै गोली मारी,
मिटा दिया सिंदूर।
सहगी अकेली तेरी नार....

ओप्रेशन सिंदूर' चलाया,
आतंकी घबराए।
आतंकवाद की कमर तोड़ दी,
उनके घुटने टिकाए।
फहगी अकेली तेरी नार....

कोए भी नापाक हरकत,
भारत नै ना भायी।
शील पै जिसनै वार करआ,
उसनै मुंह की खायी।
कहगी अकेली तेरी नार....

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

---

कविता | राजपाल सिंह गुलिया



## पहलम आली बात नहीं सै

भोत बदलग्या गाम आज यो, पहलम आली बात नहीं सै,
बणे फिरैं वे टेक गाम की, जिनकै जात जमात नहीं सै.

बात-बात म्हँ छोह म्हँ भर कै, ये ठा ल्यावैं हथियारां नै
दे राख्या नाकाँ म्हँ धुम्मा, इब गाम गैल दो च्यारां नै,
दारू पी कै एक लाठी तैं, हाँकें सै देखो सारां नै.
खूड बेच कै आया चिमकणा, इन टूटे ओड़ सितारां नै.
लाखां की ये बात करैंगे, दो आन्ने औकात नहीं सै.

कदे इसके अर कदे उसके, सभ के ठायां हाण्डै झंडे,
झूठ-साँच के अपणावैं सैं, नित नए-नए ये हथकंडे.
योह जितैगा वो हारैगा, बणे फिरैं सैं सियासी पंडे.
दारू इनकी उतरै सै जिब, पड़ैं पुलिस के इन पै डंडे.
बिना पिटे ये घर आए हों, आयी ईसी रात नहीं सै.

लिहाज शर्म का काम रह्या न, लोग नशे के गुलाम होग्ये,
पड़े पावैं सैं ये गालां म्हँ, ये सभतैं भुंडे काम होग्ये.
कर्जा ले कै तुरत नाट ज्याँ, किस्से ये भी आम होग्ये.
आज सहर नै परे बठावैं, इसे कसूते गाम होग्ये.
बात करैं सैं वे बरसां की, जिन धोरै घड़ी स्यात नहीं सै.

गाँधी के सपनां के गाम की, इब ये ठेके स्यान बढ़ावैं,
ताश खेलते सारा दिन ये, रोज साँझ नै रंग जमावैं.
भूल भटक ये कदे खेत म्हँ, भी ना चक्कर मारण जावै,
याह धरती एक्वायर होज्या, इब ये सारे न्यूं ए चाहवैं.
राजपाल गुलिया भी करता, किसै एक की बात नहीं सै.

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक | दिल्ली सीमा पर अंग्रेजों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों की चार माह में 32 बार भिड़ंत हुई, केवल चुनिंदा देशी शासकों ने अंग्रेजों का विरोध किया

# मई माह में आरंभ हुआ था 1857 का स्वतंत्रता संग्राम





इतिहास | यशपाल गुलिया

विद्रोह व गदर के उप नामों से जाना जाने वाला सैन्य अभियान वास्तव में प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम था। अंग्रेजों द्वारा भारतीय सैनिकों के साथ भेदभाव तथा चर्बी वाले कारतूस आदि विभिन्न कारणों से भारतीय सैनिकों में आक्रोश व्याप्त हो चुका था। यद्यपि अंग्रेज अधिकारियों के विरुद्ध विद्रोह का श्रीगणेश तो मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को कर दिया था। परन्तु वास्तविक सैन्य विद्रोह मेरठ स्थित तीसरी कैवलरी के सैनिकों ने 10 मई 1857 से किया था।

मेरठ में अंग्रेज कमांडर जनरल हैविट ने 9 मई को 85 भारतीय सैनिकों को बन्दी बना डाला था। उससे वहां स्थित शेष सैनिकों में अत्याधिक आक्रोश हो गया और उन्होंने बगावत करके अंग्रेज अधिकारियों का वध करके सभी 85 सैनिकों को रिहा करवा लिया। फिर 10 मई की शाम को ही सभी विद्रोही सैनिक दिल्ली को कूच कर गए। अगले दिन उन सैनिकों ने दिल्ली पहुंचकर बहादुरशाह जफर को भारत का स्वतन्त्र बादशाह घोषित कर दिया तथा दिल्ली में अंग्रेजों का कत्लेआम कर डाला।

दिल्ली में स्थित 4-5 सैनिक बटालियन भी मेरठ वाली सैनिकों के साथ मिल गई। तब दिल्ली में रेजिडेन्ट कमिश्नर साइमन फ्रेजर था और सम्पूर्ण भारतीय सेना अध्यक्ष जॉर्ज ऐनसन था जो ग्रीष्मकालीन के लिए शिमला गया हुआ था। भारत का अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड केनिग था जो कलकता रहता था। संग्राम के आरम्भ होने पर लार्ड केनिग ने ऐनसन को दिल्ली पर फिर से कब्जा करने बारे संदेश भेजा। तब तक दिल्ली में भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों की संख्या भी काफी हो चुकी थी। कारण यह कि बरेली, निमच, नसीराबाद, मथुरा, कानपुर आदि छावनियों से भी काफी संख्या में भारतीय सैनिक दिल्ली आने लग गए थे। परन्तु ज्यादातर भारतीय रजवाड़ों ने सेनानियों की सहायता नहीं की बल्कि पंजाब स्थित कुछ शासकों ने तो अंग्रेजों की खुलकर सहायता की थी जिनकी सहायता से अंग्रेज कमांडर ऐनसन अम्बाला में एक बड़ी सेना गठित करने में सफल हो गया था। वह सेना दिल्ली पर धावा बोलने के लिए करनाल के रास्ते 8 जून को समयपुर बादली पहुंच गई थी, लेकिन दिल्ली के अन्दर पड़ाव लगाए सेनानियों ने उस सेना से भीषण युद्ध करके वापस हटा दिया। अंग्रेजों की उस गठित सेना ने फिर दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव वाली रीज पर पड़ाव डाल लिया। यह 20 सितम्बर 1857 तक दिल्ली के अन्दर पहुंच ही नहीं सकी। मुख्य अंग्रेज कमांडर ऐनसन, फिर कमांडर ब्रनार्ड आदि की वहां मृत्यु हो गई थी। इसके बाद कमांडर मिस्टर रीड व आर्चडेल विलसन आदि ने पदभार सम्भाला और सेनानियों की कमांड बरेली के भक्तखां ने सम्भाल रखी थी। क्रान्तिकारियों को बहादुरशाह जफर समय पर वेतन आदि नहीं दे पाया और देशी रजवाड़ों की निष्क्रियता के कारण उनका मनोबल सितम्बर माह तक गिरना आरम्भ हो गया था। रिज स्थित अंग्रेज सेना व क्रान्तिकारियों के मध्य दिल्ली के बाहर चार मास में 32 बार टकराव हुआ।





दिल्ली में बाड़ा हिन्दुराव पर अंग्रेजों द्वारा बनाया स्मारक तथा शिलालेख पर 32 लड़ाइयों का विवरण अंकित है।

**अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।**

उस अवधि में 1450 अंग्रेज अधिकारी मारे गए थे तथा झांसी, लखनऊ व बिहार आदि में भी क्रांति ने व्यापक रूप ले लिया था। अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।

---

# संस्कृति के संवर्धन में लोक कलाओं की खास भूमिका : सोनिया

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाण की समृद्ध लोक संस्कृति के संवर्धन में जुटे लोक कलाकारों ने अपनी कला को नई दिशा देने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि हरियाणवी कला, संस्कृति और परंपराओं की देश-विदेशों तक अलख जगाई है। ऐसे ही कलाकारों में प्रतिभावान सोनिया अपने लोक नृत्य की कला को ऐसी धार देने में जुटी हैं, जिसमें उनका लोक नृत्य, केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन को जोड़ने का सबब बनता जा रहा है। लोक नृत्य के साथ वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की विधा में अपने कदम बढ़ा रही हैं।

युवा लोक कलाकार सोनिया ने अपनी लोक कला के सफर को लेकर कुछ ऐसे पहलुओं को भी उजागर किया है, जिसमें वह अपनी कला लोक परंपरा और शास्त्रीय साधना से एक ऐसा सांस्कृतिक पुल बनाया जा सकता है, जो नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जोड़कर समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा देने में सक्षम है। हरियाणा की प्रतिभाशाली कलाकार सोनिया का जन्म 24 सितंबर 2001 को यमुनानगर जिले के ससोली गाँव के एक मध्यमवर्गीय परिवार में सुरेंद्र कुमार और करनैलो देवी के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई सांस्कृतिक या कला का माहौल नहीं था। सोनिया की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हुई, उनके पिता कभी-कभी रिक्शा चलाकर भी परिवार का पालन पोषण करने का प्रयास करते थे, जबकि माता नगर पालिका में कच्ची कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। कोरोना काल में उनके पिता का निधन हो गया। तब वह गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही मां ने बेटे के अभाव में भी घर में तीन बेटियों का आत्मबल कभी कम नहीं होने दिया और आर्थिक चुनौतियों के बीच धैर्य और एकजुटता से आगे बढ़ने की शक्ति दी। बकौल सोनिया उन्हें बचपन से ही नृत्य में अभिरुचि थी। जब भी कोई फिल्म देखती, तो उसके नृत्य को कॉपी करने की कोशिश करती और उसके संवादों की तरह अभिनय भी करती थी। कभी कमरे में अकेले, तो कभी किसी पारिवारिक आयोजन में जैसे ही संगीत बजता या कोई सीन मन को छूता, मेरा मन नृत्य और अभिनय की ओर खिंच जाता था। समय के साथ यह रुचि ही उनकी साधना बन गई और अब लोकनृत्य ही उसकी कला की पहचान बन चुकी है। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में शिक्षा के दौरान यूथ फेस्टिवल में उन्हें हरियाणवी लोक नृत्य के ग्रुप डांस में भाग लेने का अवसर मिला, जहां उनकी कला को मिली सराहना ने आत्मविश्वास को ऐसे बढ़ाया कि उनका मन पूरी तरह नृत्य में रच-बस गया। कॉलेज में ही उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य की बारीकियां सीखीं, जिसके बाद उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग के दौरान बैकग्राउंड डांसर के रूप में काम करना शुरू किया। इसी दौरान उन्हें स्वर्गीय सिंगर राजू पंजाबी के साथ एक गाने में मुख्य भूमिका में भी काम करने का अवसर मिला। परिवार और समाज के कुछ लोग शुरू में रोक-टोक करते थे, पर उन्होंने हार नहीं मानी। जब उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की दुनिया में कदम रखा, तब यह सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि आत्मा की पुकार थी।

युवा लोक नृत्य कलाकार सोनिया का कहना है कि हमारी लोक नृत्य, संगीत, और रंगमंच जैसी पारंपरिक कलाओं को कहीं न कहीं संघर्ष करना पड़ रहा है, जिसका कारण डिजिटल माध्यमों ने मंचों को स्क्रीन में बदल दिया है। हरियाणवी लोक नृत्य, रंगमंच और संगीत जैसे पाठ्यक्रमों को स्कूली स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को लोक कला और नृत्य को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए, ताकि कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता मिल सके, जिससे वे अपनी कला को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर सकें।





### हरियाणवी संस्कृति सर्वोपरि

सोनिया अपनी कला को केवल मंच की प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्मिक यात्रा मानती है। हरियाणवी लोक नृत्य में गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबू, भाषा, लोकगीत, हंसी-मजाक और संघर्ष सब कुछ समाहित करते हुए हरियाणा संस्कृति को सर्वोपरि रखा है। अब सोनिया का झुकाव भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ओर भी है, जिसकी विद्या को पूरी श्रद्धा और लगन से सीख रही है, क्योंकि इसमें केवल ताल और गति नहीं, बल्कि गहराई से भाव, कथा और आत्मिक अनुशासन छिपा है। उनका कहना है कि अपनी कला में उनका लक्ष्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का है, ताकि समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा मिल सके और उनकी कला मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन से जुड़ सके।

## खबर संक्षेप

### जिले में स्कूटी सहित तीन वाहन चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर इलेक्ट्रिक स्कूटी व दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में चत्तरगढ़पट्टी निवासी मनु राजभर ने बताया कि बीती 17 मई की सुबह वह स्कूटी से स्कूल में गई थी। स्कूल के बाहर स्कूटी खड़ी कर वह अंदर चली गई। छुट्टी के बाद जब वह बाहर आई तो स्कूटी गायब मिली। दूसरे मामले में कैरांवाली निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 16 मई की दोपहर को उसने डिंग मंडी में ठेके के बाहर अपना बाइक खड़ी की थी। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिला। तीसरे मामले में गांव बणी-2 निवासी प्रेम कुमार ने बताया कि बीती 11 मई को उसने अपनी मोटरसाइकिल अनाजमंडी के पास कबाड़ी की दुकान के बाहर खड़ी किया था। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ट्यूबवेल से हजारों की केबल चोरी

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव वैदवाला में चोर एक किसान के खेतों से ट्यूबवेल की मोटर की हजारों की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हांडीखेड़ा रोड पर स्थित खेतों में उसने सिंचाई के लिए खेतों में मोटर लगाई हुई है। मोटर खराब होने पर वह सिरसा मोटर को ठीक करवाने के लिए ले आया। मोटर की करीब 630 फुट केबल खेतों में ही पड़ी थी, जिसे रात्रि को चोर चुराकर ले गए। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के किसानों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया।

## नशा पीड़ितों की हुई पहचान, काउंसलिंग कर दवाएं उपलब्ध करवाई

# नशे के विरुद्ध नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

- एएसआई सुंदर मुसाफिर, प्रभारी, नशा मुक्ति टीम ने किया अभियान का किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। ग्रामीणों को जागरूक करते जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम सदस्य।

एसपी सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाया जा रहा जन-जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इस कड़ी में रविवार को गांव ढाणी साधांवाली, ढाणी महताब और चपला मोरी में पंचायत सदस्यों एवं ग्रामीण नागरिकों की सहभागिता से नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इन नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को नशे की सामाजिक, शारीरिक और मानसिक हानियों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें नशा मुक्त समाज की दिशा में सहयोग देने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अभियान के दौरान 9 नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की गई और उन्हें मौके पर ही काउंसलिंग प्रदान कर आवश्यकता अनुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व एएसआई सुंदर मुसाफिर, प्रभारी, नशा मुक्ति टीम,द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं और उनके परिजनों को नशे से दूर रहने व समाज को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। सुंदर मुसाफिर ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस नशे के खिलाफ लड़ाई को केवल एक कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन के रूप में देख रही है, जिसमें जन सहभागिता आवश्यक है।

### समाज की जागरूकता से नशा जड़ से समाप्त हो सकता है : एसपी

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला के सभी नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे नशे के खिलाफ इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। केवल कानून से नहीं, बल्कि समाज की जागरूकता और सहभागिता से ही हम नशे के जहर को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। हम सब मिलकर एक नशा मुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव रखें। उन्होंने कहा कि अपने परिवार, मोहल्ले और गांव में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। नशा पीड़ित व्यक्तियों को नकारें नहीं,उन्हें सहयोग और सही दिशा दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या नशा मुक्ति टीम को दें।



सिरसा। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों को वैज्ञानिक ही नहीं बल्कि श्रेष्ठ इंसान भी बनाना लक्ष्यः डॉ. जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ स्थित फार्मेसी कॉलेज में नवांगतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी 'आगाज़' का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश थे जबकि अध्यक्षता जेसीडी फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार ने की। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. मोहित कुमार ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज के नियमों और संस्कृति से अवगत कराया। मुख्यातिथि डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि जेसीडी विद्यापीठ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है तथा इस प्रकार का मंच प्रदान करके संस्थान विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है जो अपने आप में काबिलेतारीफ है। उन्होंने सभी नवांगतुक विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जेसीडी विद्यापीठ परिसर में अनुशासन से रहने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आप जीवन में कड़ी मेहनत करने तथा हमेशा नवीनत जानकारी प्राप्त करते रहें। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना और अच्छे फार्मास्यूटिकल वैज्ञानिक तैयार करने के साथ-साथ बेहतर इंसान बनाना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने शिक्षकों, अपनों से बड़ों और माता-पिता का सदा सम्मान करें। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## भजन संध्या में श्री सांई बाबा के भजनों का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर द्वारा संचालित श्री सांई सेवा समिति बरवाला द्वारा मेन बाजार चौक के पास स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में एक शाम सांई के नाम 12वीं भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमेन संजीव भाटिया और तरुण कक्कड़ ने बताया कि इस भजन संध्या में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वेद नारंग व नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने शिरकत की और ज्योत प्रचंड हनुमान मंदिर कमेटी प्रधान मदन लाल मखंड वाले ने की तथा श्री सांई बाबा की आरती हनुमान मंदिर कमेटी संरक्षक भीम सैन मक्कड ने की। गणेश पूजन हनुमान मंदिर कमेटी के मैम्बरों द्वारा किया गया और मंच संचालन पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा ने किया। इस भजन संध्या में लुधियाना से आए टी-सीरीज गायक पवन बॉबी लुधियाना ने अपने मधुर कंठ से श्री सांई बाबा के भजनों का गुणगान किया। इन भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे।

## गोशाला में सेवा के लिए सहयोग अवश्य करेंः स्वामी दिव्यानंद

- अपने और परिजनों के शुभ अवसरों को गोशाला में मनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। श्री पंचमुखी बालाजी गौधाम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी दिव्यानंद।

श्री पंचमुखी बालाजी गौधाम में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज भिक्षु ने शिरकत की। डॉ. दिव्यानंद महाराज ने कहा कि कथा का मतलब नाचना नहीं बल्कि भगवान को समर्पण है। उन्होंने कहा कि दान को लोगों ने अलग-अलग नाम दे दिए हैं, लेकिन दान का कोई नाम नहीं होता। निःस्वार्थ भाव से जो किया जाए, वह दान नहीं भेंट होता है। स्वामीजी ने कहा कि गौमाता का वास्तविक स्वरूप क्या है, इसके बारे में पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि अपने और परिजनों के शुभ अवसरों को गौशाला में मनाएं व अपने बुजुर्गों की पुण्यतिथि पर भी गौसेवा कर गौमाता व पितरों का आशीर्वाद लें। इस मौके पर गौप्रेमी सुमन मित्तल ने कहा कि 1 हजार गज जगह और लेकर इस गौधाम का विस्तार किया गया है, जिसके लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने गौ प्रेमियों से आह्वान किया कि वे गौवंश के लिए भूमिदान व तूड़ी के लिए सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक गौवंश को यहां आश्रय मिल सके। उन्होंने कहा कि कोई भी गौभक्त यहां आकर किसी भी रूप में अपनी सेवा दे सकता है। इस मौके पर गौभक्त विनोद उपाध्याय ने कहा कि शहरवासी अपने घरों में खुशी के अवसरों पर फिजूलखर्ची की बजाय यहां आकर गौसेवा कर अपनी खुशियां सांझा करें।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर सतीश केडिया, रमेश बंसल, सुरेंद्र सिंगला, रवि लीला, नरेंद्र बंसल, अमित, डॉ. सुभाष नरूला, भूपेश मेहता, सुशील सैनी, श्याम सुंदर गुप्ता, पंकज मित्तल, दीपक बंसल, मनीष एमसी, जोगेंद्र नागपाल, डॉ. राजकुमार गुप्ता, हरीश गोयल, धर्मपाल मेहता, मुकेश रोहिल्ला एमसी, राजेंद्र एमसी, गोपीराम एमसी व हिमांशु गोयल सहित अन्य गौभक्त उपस्थित थे।*

## हरियाणा का पानी रोकना पंजाब सीएम का राजनीतिक स्टंटः जस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- 21 मई को चंडीगढ़ में प्रस्तावित राज्य कार्यकारिणी की बैठक में किया जाएगा मंथन

इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि पंजाब द्वारा हरियाणा को उसके हक का पानी न देने के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ इनेलो की आगामी 21 मई को चंडीगढ़ में प्रस्तावित राज्य कार्यकारिणी की बैठक में इस एजेंडे पर गंभीरतापूर्वक मंथन किया जाएगा। रविवार को जारी बयान में इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला इस मामले में हरियाणा के किसानों के हित में पहले ही कह चुके हैं कि 25 मई तक यदि पंजाब की मान सरकार ने हरियाणा के हक का पानी उसे नहीं दिया तो इनेलो कड़े कदम उठाने पर बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि इनेलो किसानों के हित में किसी भी संघर्ष के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अब से पूर्व हरियाणा को सदैव औसतन 8 से 10 हजार क्यूसिक पानी मिलता रहा है मगर अब पंजाब की मान सरकार हरियाणा को केवल साढ़े चार हजार क्यूसिक पानी देना चाहती है जो भेदभावपूर्ण है और इनेलो को यह किसी भी सूरत में गंवारा नहीं है। पंजाब के सीएम से पूछा कि उन्हें भी सत्ता में रहते हुए करीब तीन साल हो चुके हैं, क्या वे इन तीन सालों में ये नहीं जान पाए कि हरियाणा को आखिर कितना पानी मिल रहा है? जस्सा ने कहा कि पंजाब के सीएम केवल ये राजनीतिक स्टंट पंजाब के किसानों से वोट बटोरने के खातिर कर रहे हैं क्योंकि जनवरी 2027 में पंजाब विधानसभा के चुनाव प्रस्तावित हैं।

## खुशहाल बेटियां ही समाज का भविष्य : साहुवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने कहा कि शिक्षित एवं खुशहाल बेटी हमारे देश व समाज का भविष्य होती हैं। जिस समाज में बेटियों का सम्मान नहीं वह समाज तरक्की नहीं कर सकता। साहुवाला रविवार को स्थानीय प्रीतनगर स्थित सेंटर में आयोजित सिलाई-कढ़ाई प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटियां हमारे देश का गौरव हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हमारा कर्तव्य है। रमेश साहुवाला ने कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही कन्या पूजन की प्रथा प्रचलित है तथा कन्या को देवी का स्वरूप माना गया है।

### ये रहे उपस्थित

प्रतियोगिता के दौरान जानह्वी, भावना राजपूत, ललिता, डिंपल, शीतल, ऊषा, मंजू, चांदनी, रजनी, सोनम रानी, सुनीता सोनी, रचना, रूबी, कशिश, सोनिया, पुनीता, नीलम, रीना, गीता कौशल, ममता, मीनू, परमजीत, राखी, कौशल्या, सीमा, सुनीता, कंवलजीत, खुशबू, नीलम साहुवाला, पारूल, रीना एवं पायल भी मौजूद थे।



सिरसा। रोडवेज कर्मचारी मीटिंग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कर्मियों ने समस्याओं पर की चर्चा

- हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान सतवीर सिंह कड़वासरा ने की। बैठक में सभी कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मिलना जरूरी है। साथ ही डिपो में पानी की समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई और डिपू में जगह होने के बावजूद भी बस स्टेंड में हो रही भीड़ के बारे में भी चर्चा की गई। इसके बारे में भी महाप्रबंधक को पुरानी कर्मशाला और बस स्टेंड के बीच की दीवार को तुड़वाने बारे भी अवगत करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन के राज्य के उपप्रधान कुलदीप सिंह पावड़ा, राज्य के महासचिव चमनलाल स्वामी, उपप्रधान सतपाल सिंह, सचिव प्रहलाद सिंह, रघुवीर सिंह, सरजीत, जयप्रकाश, घनश्याम, अशोक कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## बच्चों को दी विभिन्न कानूनी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

- राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सिरसा के तत्वावधान में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में चिल्ड्रन फ्रेंडली चाइल्ड लीगल स्कीम के तहत एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें स्कूली बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों व सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई अपराध घटित होता है या कोई व्यक्ति उन्हें झूठे मामले में फंसाने का प्रयास करता है, तो वे किस प्रकार से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, बच्चों को यह भी समझाया गया कि किस प्रकार से वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला सेवा प्राधिकरण द्वारा मनोनीत जसकरण एडवोकेट तथा पैरा लीगल वॉलंटियर नरेश कुमार ग्रोवर द्वारा बच्चों से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त की।

## बोर्ड की 10वीं में जैन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- टॉपर मनीषा ने 500 में से 477 अंक किए प्राप्त

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम मे सेठ सागर मल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टॉपर मनीषा ने 500 में से 477 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि स्नेहा ने 500 में से 469 अंक प्राप्त कर दूसरा, ट्विंकल और संजना ने 466 अंक प्राप्त करके संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 79 छात्राओं में से 43 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट हासिल की, जिसमें से 15 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उच्च स्थान हासिल किया। विभिन्न विषयों में भी छात्राओं ने 100 में से 100 अंक लेकर बाजी मारी। सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई। स्कूल की प्रधानाचार्या रेणु बाला ने कहा कि यह परीक्षा परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मक्खनलाल गोयल, प्रबंधक हनुमानमल गुजरानी, ट्रस्टी राजेंद्र गोलछा, ट्रस्टी देवेंद्र डागा ने भी विद्यार्थियों, अध्यापकों और उनके माता-पिता को बधाई प्रेषित की। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य बलवंत राय, ज्ञानचंद, रविंद्र गोयल, संजीव जैन, संजय बोथरा, रणजीत गुजरानी, राजेश पुगलिया, अध्यापक प्रतिनिधि सुमन सोनी ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

### नशे से दूर रहने के बारे में किया जागरूक

हांसी। युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने तथा नशे से दूर रहने के उद्देश्य को लेकर पुलिस द्वारा एलडीएसडी पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कराटे प्रतियोगिता में 12 जिलों से करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से निकाल कर खेलों से जोड़ना है। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर डीएसपी सिद्धार्थ व स्पेशल स्टाफ इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रविकांत ने जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर डीएसपी सिद्धार्थ ने खिलाड़ियों, शिक्षकों व उनके परिजनों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

## सरसाईनाथ बुक बैंक ने 15 जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्री गौशाला स्थित विद्यार्थियों के कल्याण के लिए अग्रणी संस्था बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक द्वारा रविवार को श्री गौशाला के सभागार में दसवां पुस्तक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यपातिथि भूपेश मेहता शामिल हुए। कार्यक्रम में 15 जरूरतमंद छात्रों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया, जिसमें मेडिकल, नॉन मेडिकल व कॉमर्स के विद्यार्थी भी शामिल थे। बुक बैंक के अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने बताया कि 25 जुलाई 2021 से बैंक लगातार जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध करवाने की सेवा में लगा हुआ है। अब तक हजारों विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक एवं स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों के हित के लिए उनकी आंखों की देखभाल के लिए निःशुल्क जांच एवं चश्मा वितरण का कार्यक्रम भी लगातार चलता रहा है। मुख्यातिथि भूपेश मेहता ने कहा कि बुक बैंक विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। डॉ. सुभाष नरूला द्वारा भी बुक बैंक के कार्यों की सराहना की गई तथा भविष्य में हर प्रकार से बुक बैंक के सहयोग के लिए खड़े रहने का आश्वासन दिया।

**जागरूकता** ग्वार की बिजाई और सुरक्षा को लेकर कृषक गोष्ठी, विशेषज्ञों ने दी जानकारी

## ग्वार की खेती में जल प्रबंधन व फसल चक्र अपनाने से पैदावार में होगी बढ़ोतरीः डा. यादव

- फसलों में किसी प्रकार का रोग उत्पन्न हो तो तुरंत कृषि अधिकारी से संपर्क कर उचित सलाह लेने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डिंग

जिला के गांव शेरपुरा में रविवार को कृषि विभाग द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्वार की बिजाई एवं उसकी सुरक्षा को लेकर कृषि विशेषज्ञों ने जानकारी दी। ग्वार विशेषज्ञ डॉ.बीडी यादव ने कहा कि भूमि की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उसमें निरंतर कृषि प्रयोग करते रहना आवश्यक है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि यदि फसलों में किसी प्रकार का रोग उत्पन्न हो तो तुरंत कृषि अधिकारी से संपर्क कर उचित सलाह लें। उन्होंने फसल सुरक्षा के लिए जैविक और रासायनिक उपायों की जानकारी भी विस्तार से दी। डॉ. यादव ने बताया कि ग्वार की खेती में जल प्रबंधन, समय पर निराई-गुड़ाई और कीट नियंत्रण अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि समय पर कीटनाशकों का प्रयोग और फसलचक्र अपनाने से उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। डा. यादव ने बताया कि उखेड़ा बीमारी के जीवाणु जमीन में पनपते हैं व ग्वार के उगते हुए पौधों की जड़ों को काला कर देते हैं। जिससे पौधे जमीन से नमी व खुराक लेना बंद कर देते हैं। इस कारण पौधे मुरझाकर पीले होकर नष्ट जाते हैं। ऐसे पौधों को जब जमीन से उखाड़ कर देखते हैं तो उनकी जड़े काली मिलती हैं।

कृषि अधिकारी डा. संतलाल व डॉ. मदन लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बीज उपचार और ग्वार की पैदावार बढ़ानें की नई तकनीक के बारे में नवीन जानाकारी देना है। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की स्कीमों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा प्राकृतिक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने फसलचक्र अपनाने की जानकारी दी और इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को ग्वार की उन्नत खेती तथा फसल सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। किसान गोष्ठी में क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इसे किसानों के लिए लाभदायक बताया।

## खबर संक्षेप

### गोरखपुर से नकदी व सोने की अंगूठी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव गोरखपुर में एक मकान से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस बारे भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरखपुर निवासी बुधनाथ ने कहा है कि गत दिवस शाम को अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गया और वहां से 10 हजार की नकदी के अलावा एक सोने की अंगूठी चोरी कर ले गया है।

### अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर छापा, दो को दबोचा

**डबवाली।** चौटाला चौकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव लोहगढ़ में किराए के मकान में अवैध रूप से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ करते हुए 7 पीड़ितों को छुड़ाने के साथ आरोपियों भूपेंद्र कुमार पुत्र उदाराम निवासी भूना वाली ढाणी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान व रोबिस उर्फ बब्बी पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी बठिंडा रोड मंडी डबवाली को काबू कर न्यायिक प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की है। चौटाला चौकी पुलिस प्रभारी ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि भूपेंद्र सिंह पुत्र हरदयाल सिंह निवासी लोहगढ़ हाल डबवाली का एक रिहायशी मकान लोहगढ़ में है। जिसमें उक्त आरोपी भूपेंद्र व रोबिस उर्फ बब्बी द्वारा वहां उसके द्वारा फर्जी तौर पर बिना परमिशन व बिना किसी डॉक्टर के नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा है।

### शीशपाल बने शेरपुरा गोशाला के प्रधान

**डिंग।** गांव शेरपुरा स्थित श्री कृष्ण शेरपुरा-साहुवाला गौशाला में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें शीशपाल सुंडा को प्रधान और प्रदीप राव को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। यह चयन सर्वसम्मति से ग्रामीणों और गौशाला सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। चयन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और सहमति का विशेष ध्यान रखा गया।कार्यक्रम में पूर्व प्रधान ओमप्रकाश गोयल, लीलाधर सोनी, प्रदीप कुमार, जगदीश बिगड़ा, भगवाना रामपाल जलंधरा, काशीराम, रामेश्वर दास जालंधरा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए गौशाला के विकास में सहयोग की उम्मीद जताई।

### मोहनलाल प्रवक्ता और उर्वशी महामंत्री नियुक्त

**सिरसा।** पतंजलि योग सेवा समिति हरियाणा के प्रभारी चंद्रपाल योगी ने एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा को समिति का जिला प्रेस प्रवक्ता तथा योग शिक्षिका उर्वशी तंवर को महामंत्री नियुक्त किया गया है। जिला प्रभारी जयप्रकाश ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सही तरीके से निर्वहन करते हुए समिति की आशाओं पर खरे उतरेंगे तथा इन दोनों पदाधिकारियों के सहयोग से भारत के नवनिर्माण में योग शिक्षा का प्रचार-प्रसार सुचारू रूप से चलेगा। वहीं नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि इस भागदौड़ तथा जहरीले बन चुके भोजन में जिंदगी गुजार रहे वर्तमान युग में लोगों के लिए योग एक निःशुल्क दवा बनकर सामने आया है, जिसका पिछले कुछ वर्षों से भारत के ही नहीं अपितु विदेशों में भी प्रचार-प्रसार बढ़ चुका है।

पुलिस ने नाके लगाकर वाहनों की जांच की

# 'ऑपरेशन आक्रमण' चलाकर पुलिस ने पकड़े 24 अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा रविवार को चलाए गए 'ऑपरेशन आक्रमण' के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### 35 पुलिस टीमों ने जिले में चलाया अभियान

इस विशेष अभियान के दौरान जिले भर में 35 पुलिस टीमें गठित की गई, जिनमें 318 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। इन टीमों ने थाना, चौकी और अपराध जांच शाखा स्तर पर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी दबिश दी और अपराधियों को काबू किया।'ऑपरेशन आक्रमण' के तहत जिला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 2 मामले दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### गांजा व हेरोइन बरामद

पुलिस ने इनके कब्जे से 8.850 किलोग्राम गांजा एवं 6 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके अलावा एनडीपीएस अधिनियम के तहत लंबे समय से वांछित 2 आरोपियों को भी दबोचा गया। अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने 5 मामले दर्ज कर 5 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 286 बोतल देसी शराब तथा 100 लीटर लाहन जब्त की गई।आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 मामले दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 31 अवैध गैस सिलेंडर एवं 44 गैस कनेक्शन की कॉपियां बरामद की गईं। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करते हुए पुलिस ने 1 उद्घोषित अपराधी, 2 बेल जम्पर, 5 अन्य वांछित आरोपी, जिनके विरुद्ध अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी थे, को काबू किया वहीं लड़ाई-झगड़े के मामलों में 2 वांछित आरोपियों को भी काबू किया गया।



फतेहाबाद। 'ऑपरेशन आक्रमण' के तहत चैकिंग अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

**अपराधियों को सहन नहीं करेंगे**

एसपी सिद्धांत जैन ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि जिला फतेहाबाद में अपराध और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। अपराधी या तो अपराध छोड़ें, या जिला। जो कानून तोड़ेगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। फतेहाबाद पुलिस अपराध मुक्त समाज की दिशा में कटिबद्ध है और यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

**93 वाहनों के चालान काटे :** मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्ती करते हुए जिला पुलिस ने 93 वाहनों के चालान किए। इनमें से 41 चालान गलत लेन में वाहन चलाने पर तथा अन्य 52 चालान विभिन्न मोटर वाहन उल्लंघनों के लिए काटे गए। फतेहाबाद पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के अंतर्गत मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई है।

# सेमग्रस्त भूमि के स्थायी समाधान के लिए सांसद सैलजा ने सीएम को पत्र लिखा

- सेम प्रभावित गांवों में सोलर ट्यूबवेल योजना का अधिक से अधिक किया जाए विस्तार



- फतेहाबाद जिले की सेमग्रस्त भूमि के स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि फतेहाबाद जिले की सेमग्रस्त भूमि के स्थायी समाधान के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाए ताकि किसान इस भूमि पर खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सके। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि फतेहाबाद जिले के अनेक गांवों जैसे बन मंदोरी, पीली मंदौरी, खाबड़ा, बड़ोपल, खाराखेड़ी, धारनिया, चबला मोरी आदि की हजारों एकड़ भूमि वर्षो से सेम यानि जलभराव व क्षारीयता की गंभीर समस्या से ग्रस्त है। यह भूमि धीरे-धीरे कृषि योग्य स्थिति से बाहर होती जा रही है, जिससे इस क्षेत्र का किसान समुदाय भारी आर्थिक संकट में है। हाल के वर्षों में सिंचाई विभाग द्वारा कुछ क्षेत्रों में सोलर ट्यूबवेल लगाए गए हैं, परंतु यह प्रयास क्षेत्र की आवश्यकता की तुलना में अपर्याप्त है। इन गांवों में स्थायी जल निकासी, भूमि सुधार एवं सोलर सिंचाई की व्यापक योजना की तत्काल आवश्यकता है। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि फतेहाबाद जिले की सेमग्रस्त भूमि की पहचान कर विशेष परियोजना के तहत उपचार योजना चलाई जाए, सोलर ट्यूबवेल योजना का विस्तार करते हुए अधिक से अधिक प्रभावित क्षेत्रों को शामिल किया जाए, जल निकासी की आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जाए।

### रतिया में मृत मिला ट्रक हेल्पर, केस

**रतिया।** शहर में फतेहाबाद रोड पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव बरामद हुआ है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। बाद में मृतक युवक की पहचान रतिया की एम्पलाइज कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है। मृतक युवक ट्रक पर हेल्पर का काम करता था। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सुनील कुमार के छोटे भाई दीपक कुमार ने बताया कि उसका 30 वर्षीय भाई सुनील ट्रक पर हेल्पर के तौर पर काम करता था। रविवार सुबह उसका दोस्त अज्जू व एक अन्य घर आए थे। वह उनके साथ गांव बोहा में भोग पर जाने की बात कहकर गया था। मगर कुछ समय बाद उन्हें पड़ोसी दुकानदार ने सूचना दी कि उसके भाई का शव बरामद हुआ है।

## महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल का शुभारंभ आज, डॉ. नारंग देंगे सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया।

अग्रवाल सभा रतिया द्वारा 19 मई को रतिया में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल का शुभारंभ किया जा रहा है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने बताया कि रतिया में महाराजा अग्रसेन के नाम से हॉस्पिटल का शुभारंभ 19 मई को होगा, जिसकी तैयारिया लगभग पूरी हो चुकी है। इस अस्पताल का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी प्रवीण गर्ग करेंगे। अस्पताल में क्षेत्र वासियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ दिल्ली व हिसार के बड़े हॉस्पिटलों में अपनी सेवाएं दे चुके एमडी डॉक्टर कुणाल नारंग एमबीबीएस एमडी मेडिसिन की सेवाएं व 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा मिलेगी। हिसार की मंगलम डायग्नोस्टिक लैब की सुविधा भी इस अस्पताल में 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। रतिया अग्रवाल सभा द्वारा समाज सेवा में किया जा रहे कार्यों में से एक अन्य कार्य के तहत यह हॉस्पिटल रतिया में बड़ी नहर स्थित मिगलानी हॉस्पिटल वाली जगह पर महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर खोला जा रहा है। इसमें दिल्ली व हिसार में कार्य कर चुके एमडी मेडिसिन डॉक्टर के अलावा अति आधुनिक आईसीयू, वेंटीलेटर, ईको, टीएमटी, डायलसिस,फार्मेसी आधुनिक डिजिटल एक्सरे, डिजिटल लैब के अलावा ट्रेंड स्टाफ की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

*परशुराम ब्राह्मण सेना, फतेहाबाद की बैठक संपन्न*

## परशुराम ब्राह्मण सेना की बैठक पवन दाधीच चुने गए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

परशुराम ब्राह्मण सेना, फतेहाबाद की आम सभा आज सेना के मुख्य संरक्षक राजेश पुजारी के सानिध्य में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता विकास शर्मा एडवोकेट ने की। बैठक में सर्वप्रथम परशुराम ब्राह्मण सेना की अब तक की गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई और पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों और देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। बैठक में परशुराम ब्राह्मण सेना की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें राजेश पुजारी, मास्टर राजेन्द्र शर्मा, मनीष शर्मा व एडवोकेट विकास शर्मा को सेना का मुख्य संरक्षक चुना गया वहीं प्रधान पद की जिम्मेवारी शास्त्री पवन दाधीच को सौंपी गई।

इसके अलावा गौरव वत्स व हरिमोहन शर्मा को उपप्रधान, निरंजन शर्मा को सचिव, गौरव शर्मा को सहसचिव, मनोज सांकरोत को कोषाध्यक्ष व प्रशांत शर्मा को परशुराम ब्राह्मण सेना का कानूनी सलाहाकार चुना गया। प्रधान पवन दाधीच ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



फतेहाबाद। परशुराम ब्राह्मण सेना के पदाधिकारियों को सम्मानित करते सदस्य।

*रतिया जैन स्थानक में हर्षोल्लास से मनाया गया दिवस*

## धर्म के माध्यम से हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं : महासाध्वी

धर्म हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

जैन स्थानक में जैन महासाध्वी के सानिध्य में धर्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें जैन महासाध्वी सुदक्षा महाराज के सानिध्य में रतिया के अलावा आसपास के क्षेत्र से भी सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जैन महासाध्वी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म और आध्यात्म के महत्व के बारे में प्रवचन दिए। जैन महासाध्वी ने अपने प्रवचन में कहा कि धर्म हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है और हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि धर्म के माध्यम से हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जैन महासाध्वी के प्रवचन से बहुत कुछ सीखा और अपने जीवन में धर्म और आध्यात्म के महत्व को समझा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जैन महासाध्वी के साथ मिलकर धर्म और आध्यात्म के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जैन महासाध्वी ने कहा कि धर्म और आध्यात्म हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धर्म हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है और हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करता है। आध्यात्म हमें आत्म-साक्षात्कार की दिशा में आगे बढने में मदद करता है और हमें अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान 5 वर्षीय श्रेया जैन ने लोगस का पाठ पढक़र सुनाया।



रतिया। कार्यक्रम में प्रस्तुति देती हुई 5 वर्षीय श्रेया जैन।




## आर्यभट्ट स्कूल का 463 अंक लेकर रितेश रहा प्रथम

**फतेहाबाद।** हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आर्यभट्ट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा कुल मेरिट 26 रही। स्कूल प्रिंसीपल दीपिका झांब ने बताया कि परिणाम में स्कूल का छात्र रितेश सुपुत्र जयवीर 463 अंकों के साथ प्रथम रहा जबकि 460 अंकों के साथ रक्षा सुपुत्री छेलूराम द्वितीय स्थान पर रही और 457 अंक प्राप्त कर ईशांत सुपुत्र कुलदीप सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के 18 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट हासिल की जबकि 8 विद्यार्थियों ने जिला मेरिट हासिल की। उन्होंने अव्वल परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और स्टॉफ सदस्यों को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंसीपल ने बताया कि विषय अनुसार छात्र रितेश ने गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए और पंजाबी में रितु ने 99 अंक प्राप्त किए।

*पंचकूला प्रदर्शन और राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर अध्यापक संघ की बैठक*

## निजीकरण और कच्चे कर्मचारी रखने पर जोर दे रही है भाजपा सरकार : गुरमीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की बैठक पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने की व संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य वरिष्ठ उप प्रधान गुरमीत सिंह उपस्थित हुए। बैठक में 5 जून को शिक्षा निदेशालय पर किए जाने वाले प्रदर्शन और 9 जुलाई का राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया है कि इन आंदोलनों में जिलेभर के अध्यापक बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।बैठक को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह ने कहा कि अध्यापक संघ प्रदेश में अध्यापकों की समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलनरत है। मौजूदा समय में अध्यापकों के एसीपी समय पर नहीं लगाए जा रहे हैं। उनके मेडिकल बिल भी पास नहीं किये जा रहे हैं। अन्य कोई प्रशासनिक काम रुका हुआ है तो इसके लिए 5 जून को शिक्षा निदेशालय पर मास डेपुटेशन रखा गया है, जिसमें फतेहाबाद से कम से कम 150 अध्यापक भाग लें। इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने और हरियाणा सरकार ने निजीकरण पर और कच्चे कर्मचारी रखने पर जोर दिया हुआ है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा है, न्यूनतम वेतन भी इनके लिए आवश्यक नहीं है। श्रम कानून को भी तोड़ मरोड़ कर कर संहिता लागू की गई हैं जिसका अध्यापक संघ पूर्ण रूप से विरोध करता है। जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वापस लेने, एनपीएस व यूपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन नीति लागू करने, पीएफआरडीए बिल रद्द करने, बिजली कानून रद्द करने व स्थाई रोजगार उपलब्ध करवाने सहित अन्य मांगों को लेकर 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल रखी गई है, जिसमें अध्यापक संघ बढ़ चढक़र भाग लेगा। इस मौके पर डॉ. नीतू डुडेजा, हरपाल हुड्डा, सरोज रानी, मुकेश रानी, अनीता रानी, दलबीर सिंह, सूरजमल, राजवंत सिंह, हनुमान सहित अन्य मौजूद रहे।




फतेहाबाद। अध्यापक संघ की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी।

### साइबर ठगी के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान हर्ष उर्फ साथी पुत्र रणजीत निवासी पन्नीवाला मोटा, जिला सिरसा के रूप में हुई है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया जाएगा। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 29 जनवरी 2025 को तूर नगर, दमकौरा रोड, टोहाना निवासी तिलक राज की शिकायत पर केस दर्ज किया था। इस मामले में एक आरोपी सुनील कुमार को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शिकायतकर्ता के अनुसार शाम को उसके मोबाइल पर एसबीआई बैंक का रिडिम प्वाइंट का मैसेज आया। जब उसने ऑनलाइन लिंक खोला तो बैंक खाते से 50 हजार रुपये कट गए। इसके बाद मामले की सूचना साइबर पुलिस को दी।

### टास्क पूरा कर कमाई का लालच देकर महिला से लाखों रुपये ठगे, एफआईआर दर्ज

**फतेहाबाद।** शहर की सुंदर नगर निवासी एक महिला को टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच देकर साइबरठगों द्वारा उससे 2 लाख 83 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित महिला के पति की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में ढाणी धारनियां रोड, बड़ोपल निवासी अजय कुमार ने कहा है कि वह अब फतेहाबाद के सुंदर नगर में रहता है और माइक्रो फाइनेंस कंपनी में ग्रुप लोन का काम करता है। उसकी पत्नी सुनीता हाउसवाइफ है। 6 मई को उसकी पत्नी के फेसबुक मैसेंजर पर मैसेज आया। उसने अपनी बातों में उलझा कर सुनीता का टेलीग्राम पर सुनीता बिश्नोई के नाम से अकाउंट बनवाया।

### जाखल में दो परिवारों में विवाद, तोड़फोड़

**फतेहाबाद।** जाखल में दो परिवारों में विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने जहां एक दम्पति पर जबरदस्ती उसके मकान में घुसकर तोडफ़ोड़ करने व मारपीट का आरोप लगाया है वहीं दूसरे पक्ष ने उसके घर में घुसकर जबरदस्ती करने का आरोप लगाया है। जाखल पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज किए हैं। इस बारे जाखल पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में जाखल निवासी प्रीतो पत्नी राजपाल ने कहा है कि आज सुबह करीब 11 बजे जाखल का ही हरदीप सिंह और उसकी पत्नी सुखदीप दोनों जबरदस्ती उसके घर में घुस गए और उनके मकान में तोडफ़ोड़ करते हुए मारपीट करने लगे। उस समय उसकी लडक़ी अकेली घर पर थी। आरोपियों ने उस पर लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया। महिला ने कहा कि उनका हरप्रीत व उसकी पत्नी के साथ कोई लड़ाई झगड़ा नहीं था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

**क्राइम** फोन पर किसी को न दें अपनी निजी जानकारी, बैंक के दस्तावेज भी सुरक्षित रखें

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले के नागरिकों को 'डिजिटल अरेस्ट' के बारे किया जागरूक

# सावधान: 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सतर्क रहें: एसपी

*सीबीआई, ईडी या पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर आमजन को डराते हैं ठग*

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने फतेहाबाद जिले के नागरिकों को सचेत करते हुए बताया कि इन दिनों 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर साइबर ठगी के कई मामले प्रकाश में आ रहे हैं। साइबर अपराधी स्वयं को सीबीआई, ईडी या पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल या फोन कॉल के माध्यम से आमजन को डराने की कोशिश कर रहे हैं। वे झूठे आरोपों का भय दिखाकर लोगों से धन, बैंक विवरण, ओटीपी तथा अन्य व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सीबीआई, ईडी या कोई भी सरकारी जांच एजेंसी 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी प्रक्रिया का प्रयोग नहीं करती। यदि कोई व्यक्ति खुद को सरकारी अधिकारी बताकर इस प्रकार की धमकी देता है या आपसे धन अथवा जानकारी मांगता है, तो यह एक स्पष्ट साइबर ठगी का मामला है। ऐसे किसी भी कॉल या संदेश के झांसे में न आएं और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। एसपी ने नागरिकों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साइबर अपराधी आपके डर और विश्वास का दुरुपयोग कर आपसे ठगी करने का प्रयास करते हैं। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह खुद को किसी बड़ी एजेंसी का अधिकारी ही क्यों न बताए, उसकी बातों पर बिना पुष्टि किए भरोसा न करें। यदि किसी भी प्रकार की शंका हो, तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें। पुलिस हर प्रकार की मदद करेगी।



### जनहित में सुझाव : सावधानी ही सुरक्षा है

*1. अज्ञात कॉल्स से सतर्क रहें। किसी भी अनजान नंबर से आने वाली कॉल, विशेषकर जब वह सरकारी एजेंसी का हवाला दे, तो सतर्कता बरतें और सोच-समझकर प्रतिक्रिया दें।*
*2. व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। आधार संख्या, बैंक खाता विवरण, ओटीपी, पासवर्ड इत्यादि किसी के साथ साझा न करें।*
*3. संदिग्ध कॉल की सूचना दें। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाने या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।*
*4. जागरूकता फैलाएं। इस विषय में अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी*